ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 23-07-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-07-23 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-07-24	2021-07-25	2021-07-26	2021-07-27	2021-07-28
वर्षा (मिमी)	15.0	12.0	70.0	50.0	45.0
अधिकतम तापमान(से.)	33.0	33.0	32.0	30.0	29.0
न्यूनतम तापमान(से.)	26.0	25.0	25.0	24.0	23.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	80	85	95	95	95
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	65	70	70	70
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	12.0	12.0	14.0	14.0	12.0
पवन दिशा (डिग्री)	120	120	130	130	130
क्लाउड कवर (ओक्टा)	6	7	8	8	8

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (16 – 22 जुलाई, 2021) में 168.6 मिमी वर्षा होने व आसमान मे मध्यम से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 26.5 से 33.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 24.2 से 27.0 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 75 से 97 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 57 से 97 प्रतिशत एवं हवा 2.5 से 11.2 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-दक्षिण-पूर्व व पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा से चली। 23 व 24 जुलाई को कहीं-कहीं हल्की वर्षा तथा 25 से 27 जुलाई को मध्यम से भारी वर्षा की सम्भावना है।अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 29.0 से 33.0 व 23.0 से 26.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 11.2-14.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 28 जुलाई से 3 अगस्त के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से अधिक तथा अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं। 25 और 26 जुलाई को कुछ स्थानों (लगभग 25 से 50 प्रतिशत) पर भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ ही कहीं-कही (लगभग 25 प्रतिशत) पर अत्यधिक भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.1-0.45 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है। किसान भाई समय पर मौसम पूर्वानुमान और जिलेवार कृषि मैसम परामर्श सलाह तथा आकाशीय बिजली गिरने की जानकारी प्राप्त करने हेतु अपने स्मार्टफोन में गूगल प्ले स्टोर से मेघदूत व दामिनी मोबाईल एप निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।

लघु संदेश सलाहकार:

23 व 24 जुलाई को कहीं-कहीं हल्की वर्षा तथा 25 से 27 जुलाई को मध्यम से भारी वर्षा की सम्भावना है। मौसम पूर्वानुमान को देखते हुए किसान भाई खेतों में सिंचाई व रसायनो का प्रयोग अभी न करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
तिल	माह के इस पखवाड़े में तिल फसल की बुवाई मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
अरहर (लाल चना/अरहर)	जून में बोई गई फसल में यथासमय विरलीकरण करें एवं निराई-गुड़ाई कर खरपतवार निकाल लें।
मूँग	मूंग की बुवाई करें।बुवाई हेतु मूँग की पंत मूँग -4 एवं पंत मूँग-5 किस्मों का चुनाव करे। बीज शोधन हेतु 2 ग्राम थीरम तथा 1 ग्राम कार्बेन्डाजिम का प्रति किलो बीज हेतु प्रयोग करो।
चावल	धान के फसल की रोपाई इस माह समाप्त कर लें। उर्वरक व खरपतवारनाशी रसायनों का छिड़काव संस्तुति के अनुसार तथा मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
लौकी	लोकी वर्गीय सब्जियों में मचान बनाकर सहारा दे । सभी सब्जियों में उचित जल निकास की व्यवस्था करें।
बैंगन	वर्षा की सम्भावना को देखते हुए, सब्जी वर्गीय फसलों के खेत में जलजमाव की स्थिति से बचने के लिए जल निकासी की उचित व्यवस्था करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
बकरा	यदि पशुओं को अभी तक एफएमडी, गलाघोंटू बीमारी, लंगडा बुखार, एंटरोटॉक्सिमिया, आफरा आदि, के टीके नहीं लगे है तो इस समय अवश्य लगवा लें।। वयस्क भेड़ और बकरी को आफरा के खिलाफ टीका लगाया जाना चाहिए|
भेंस	सिंचित चारे के खेतों में पशुओं को चरने न दें, क्योंकि लंबी गर्मी के बाद, मानसून की शुरुआत के कारण चारे में अचानक वृद्धि होने से उसमें जहरीले साइनाइड की उपस्थिति होती है। यह विशेष रूप से ज्वार की फसल में होता है। इसलिए इन चारे वाली फसलों को समय से पहले काटा नहीं जाना चाहिए या जानवरों को नहीं खिलाना चाहिए।